इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न [खण्ड 'क' (**21**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं.** **65/ESS/4**

**SET/सेट** **A**

# HINDI
## हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं. **65/ESS/4, सेट–A** लिखें।

# HINDI

## हिन्दी

## (301)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** **(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।
**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

### खण्ड – क

1 (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

माई री म्हाँ लियाँ गोविन्दाँ मोल॥
थे कह्याँ छाणे म्हाँ काँ चोड्डे, लियां बजन्ता ढोल।
थे कह्याँ मुंहाधो म्हाँ कह्याँ सस्तो, लिया री तराजाँ तोल।
तण वारा म्हाँ जीवण वीराँ, वाराँ अमोलक मोल।
मीराँ कूँ प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जणम को कोल॥

**अथवा**

मुझे कदम–कदम पर
चौराहे मिलते हैं
बाँहे फैलाए।
एक पैर रखता हूँ
कि सौ राहें फूटतीं
व मैं उन सब पर से गुजरना चाहता हूँ,
बहुत अच्छे लगते हैं
उनके तजुर्बे और अपने सपने...
सब सच्चे लगते हैं,
अज़ीब–सी अकुलाहट दिल में उभरती है,
मैं कुछ गहरे में उतरना चाहता हूँ;
जाने क्या मिल जाए!

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **2**

स्वर में पावक यदि नहीं, वृथा वन्दन है,
वीरता नहीं, तो सभी विनय क्रन्दन है,
सिर पर जिसके असिघात, रक्त चन्दन है,
भ्रामरी उसी का करती अभिनन्दन है।
दानवी रक्त से सभी पाप धुलते हैं,
ऊँची मनुष्यता के पथ भी खुलते हैं।

**2** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) रैदास के पद 'नरहरि! चंचल है मति मेरी' पद के आधार पर कवि के मन के द्वंद्व को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'कठपुतली' कविता में कठपुतली की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए लिखिए कवि ने इनका जीवन व्यर्थ क्यों माना है?

(ग) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के आधार पर पत्थर तोड़ने वाली महिला के आस–पास के वातावरण का वर्णन कीजिए।

**3** 'वसंत' **अथवा** 'भरत का भ्रातृप्रेम' कविता का केंद्रीय भाव लगभग **30-40** शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **2**

**4** सूफी काव्य की विशेषताएँ लिखिए। **2**

**5** निम्नलिखित पंक्तियों में निहित रस और छंद लिखिए : **2**

पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े।
नीरज नयन नेह जल बाढ़े।

**6** (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

दुःख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ–हजूरी। जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छंदावर्त्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है। कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है। वह वशी है। वह वैरागी है।

**अथवा**

क्रोध के प्रेरक के दो प्रकार के दुःख हो सकते हैं अपना दुःख और पराया दुःख। जिस क्रोध के त्याग का उपदेश दिया जाता है वह पहले प्रकार के दुःख से उत्पन्न क्रोध है। दूसरे के दुःख से उत्पन्न क्रोध बुराई की हद से बाहर समझा जाता है। क्रोधोत्तेजक दुःख जितना ही अपने संपर्क से दूर होगा, उतना ही लोक में क्रोध का स्वरूप सुंदर और मनोहर दिखाई देगा।

(ख) मन्नू भंडारी **अथवा** मोहन राकेश की भाषा तथा शैलीगत विशेषताएँ पठित पाठ के आधार पर उदाहरण सहित लिखिए। **2**

7 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'एक था पेड़ और एक ठूँठ' निबंध के आधार पर लिखिए कि जीवन की कृतार्थता किसमें है?

(ख) 'दो कलाकार' पाठ के आधार पर अरुणा की चारित्रिक विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि युवाओं ने वयोवृद्ध व्यक्तियों को किस संबोधन से संबोधित किया और क्यों?

8 'सड़क का आदमी' कहानी में राघव सरकार के ज़ख्मी पैरों की तुलना किससे और क्यों की गई है? **2**

9 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दीजिए : **3+3=6**

(क) ''विराटा की पद्मिनी' उपन्यास उदात्त प्रेम की कथा है, जिसका अंत आत्मोत्सर्ग में होता है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) 'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) दाँगी कन्या कुमुद को विराटा की पद्‌मिनी किस आधार पर कहा गया है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

10 कुंजरसिंह कुमुद के घर के बाहर पहरा क्यों दे रहा था? **1**

11 चारों ओर से शत्रुओं से घिर जाने पर विराटा के सैनिकों ने क्या निर्णय लिया? **1**

12 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जो साथ फूलों के चले।
जो ढाल पाते ही ढले।
वह जिंदगी क्या जिंदगी जो सिर्फ पानी–सी बही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
संसार सारा आदमी की चाल देख हुआ चकित।
पर झाँककर देखो दृगों में, हैं सभी प्यासे थकित।
जब तक बँधी है चेतना।
जब तक हृदय दुख से घना।
तब तक न मानूँगा कभी इस राह को ही मैं सही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
अपने हृदय का सत्य अपने–आप हमको खोजना।
अपने नयन का नीर अपने–आप हमको पोंछना।
आकाश सुख देगा नहीं।
धरती पसीजी है कहीं?
जिससे हृदय को बल मिले ध्येय अपना तो वही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
सच है महज संघर्ष ही।

(i) कवि ने पानी सी बहने वाली जिंदगी को जिंदगी क्यों नहीं माना? **1**

(ii) 'अपने नयन का नीर अपने–आप हमको पोंछना' – पंक्ति का क्या भाव है? **1**

(iii) काव्यांश में प्रयुक्त 'धरती' और 'आकाश' किसके प्रतीकार्थ हैं? **1**

(iv) कवि ने इस काव्यांश में क्या संदेश दिया है? **1**

(v) कवि के जीवन का ध्येय क्या है? **1**

13 निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6+5=11**

जिंदगी के असली मज़े उनके लिए नहीं हैं जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते हैं और सोते हैं, बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है तो वही उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं, जिनका कण्ठ सूखा हुआ, ओठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृतवाला तत्व है उसे वह जानता है जो धूप में खूब सूख चुका है। जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उसके मजे बाद में लेते हैं, उन्हें स्वाद अधिक मिलता है। जिन्हें आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मौत है। जो लोग पाँव भीगने के खौफ़ से पानी से बचते रहते हैं, समुद्र में डूब जाने का खतरा उन्हीं के लिए है। लहरों में जिन्हें तैरने का अभ्यास है वे मोती लेकर बाहर आएँगे।

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ़ होती है।

(i) जिंदगी के असली मज़े कौन लेता है?

(ii) पानी के अमृतवाले तत्व को कौन पहचानता है?

(iii) आराम मौत किनके लिए है और क्यों?

(iv) साहस की जिंदगी को सबसे बड़ी जिंदगी क्यों कहा गया है?

(v) समुद्र में डूबने का खतरा किनके लिए कहा गया है और क्यों?

(vi) समुद्र से मोती कौन बाहर ला सकता है?

(vii) विलोम शब्द लिखिए –

– तैरना

– निडर

(viii) विशेषण बनाइए –

स्वाद, खतरा

(ix) उपसर्ग / प्रत्यय अलग कीजिए –

बेखौफ़, आसानी

(x) निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य बनाइए –

लहरों में तैरने का जिन्हें अभ्यास है वे मोती लेकर बाहर आएँगे।

(xi) पर्यायवाची शब्द लिखिए :

फूल, अमृत

14 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) निम्नलिखित वाक्य में विरामचिह्न लगाकर पुनः लिखिए : **1**

गद्य लेखक को कुछ अलंकारों की भी जानकारी होनी चाहिए जैसे उपमा रूपक उत्प्रेक्षा आदि

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1**

(i) पत्र से यह सुनकर दुख हुआ कि तुम परीक्षा नहीं दे पा रहे।

(ii) वह हँसी से टाल गया।

(ग) निम्नलिखित का शुद्ध रूप लिखिए : **1**

व्रक्ष, बिमारी

(घ) 'लोहे के चने चबाना' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि अर्थ स्पष्ट हो जाए। **1**

(ङ) निम्नलिखित को कर्तृवाच्य में बदलिए : **1**

बालक से खेला जाता है।

**15** प्रतिवेदन लेखन की सामग्री कैसे जुटाई जाती है? बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित 'खेल दिवस' पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

सूर्य से प्राप्त ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहा जाता है। सौर ऊर्जा पेड़–पौधों, जीव–जंतुओं, हम सभी के लिए अति आवश्यक होती है। पेड़–पौधे सूर्य के प्रकाश की वजह से ही अपना खाना बना पाते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग कर हम देश को प्रदूषण मुक्त रख सकते हैं क्योंकि इसमें हानिकारक गैसों, रसायनों और राख का उत्पादन नहीं होता। सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय ऊर्जा है क्योंकि यह तब तक समाप्त नहीं होगी जब तक सूर्य रहेगा। सौर ऊर्जा न केवल प्रदूषण मुक्त ऊर्जा है बल्कि इसकी रखरखाव लागत भी बहुत कम है। प्रदूषण से छुटकारा पाने के लिए, जो हाल के दिनों में एक वैश्विक समस्या है सौर ऊर्जा बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। अगर कोई घर ऑफिस की छत पर सोलर पैनल लगाए तो बिजली का वार्षिक शुल्क कम हो जाएगा। सोलर पैनल की मदद से बरसात के मौसम में भी बिना रुके बिजली की आपूर्ति की जा सकती है।

**16** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **300** शब्दों का निबंध लिखिए : **8**

- समाचार–पत्रों का कोई विकल्प नहीं
- जलवायु परिवर्तन
- प्रकृति है तो हम हैं
- संयुक्त परिवार : उन्नति का आधार

**17** निम्नलिखित में से किसी एक का भाव पल्लवन कीजिए : **3**

(i) करत–करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

(ii) अहंकार पतन का कारण है।

**18** नेमी टिप्पण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। इन्हें किस प्रयोजन से लिखा जाता है? **3**

**अथवा**

राज्य सरकार की ओर से एक परिपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए जिसमें आगामी सत्र से राज्य के महाविद्यालयों को 10% अतिरिक्त सीटों का प्रबंध करने का निर्देश दिया गया हो।

**19** निम्नलिखित समाचार को आधार बनाकर बढ़ती हुई महँगाई पर चिन्ता व्यक्त करते हुए राम शर्मा, क.ख.ग. नगर की ओर से खाद्य आपूर्ति मंत्रालय प्रदेश सरकार को कार्यलयी पत्र लिखिए। **4**

दूध की कीमतों में एक वृद्धि के लिए तैयार रहिए। देश भर में थोक दूध की कीमत लगातार बढ़ने के साथ डेयरी कंपनियाँ दाम में एक बार फिर वृद्धि कर सकती हैं। दूध खरीद कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण डेयरी कंपनियों ने पिछले दस महीनों में दूध की कीमतों में आठ से दस फीसदी तक की वृद्धि की है। मवेशियों के चारे की कीमतों में बढ़ोतरी, लेपी रोग और असामान्य मानसून इस बढ़ोतरी के पीछे के कारण बताए जा रहे हैं।

20 निम्नलिखित ज्ञान को वृक्ष आलेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए : **4**
भक्तिकाल में दो प्रकार के भक्तिकाव्य लिखे गए – (1) निर्गुण भक्तिकाव्य और (2) सगुण भक्तिकाव्य। निर्गुण भक्तिकाव्य दो शाखाओं में आगे बढ़ा – ज्ञानश्रयी शाखा और प्रेमाश्रयी शाखा। ज्ञानश्रयी शाखा का काव्य संतकाव्य और प्रेमाश्रयी शाखा का काव्य सूफी काव्य कहलाया। इसी तरह सगुण भक्तिकाव्य दो शाखाओं – रामभक्ति काव्य और कृष्णभक्ति काव्य के नाम से प्रसिद्ध हुआ। तुलसीदास रामभक्ति काव्य के और सूरदास कृष्णभक्ति काव्य के प्रतिनिधि कवि थे।

21 'जब हम क्रिकेट मैच में 6 रन से पिछड़ रहे थे।' इस विषय को आधार बनाकर अपने अनुभव को लगभग चालीस शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। **2**

## खण्ड – ख
## (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) एसोसिएटेड न्यूज एंड फीचर्स
(ii) सज्जा
(iii) प्रेस विज्ञप्ति

23 (क) फीचर किसे कहते हैं? यह किस उद्देश्य से लिखा जाता है? **2**
(ख) रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले समाचारों में क्या अंतर है? **2**

24 'संचार माध्यमों ने लोगों के भीतर सामाजिक, राजनीतिक जागरूकता को तेज किया है।' कैसे? स्पष्ट कीजिए। **4**

**अथवा**

इंटरनेट से आप क्या समझते हैं? इसकी कार्य–प्रणाली को विस्तार से लिखिए।

**अथवा**

समाचार किसे कहते हैं? समाचार संकलन में तकनीक का क्या योगदान है?

25 (क) आपके पिताजी को एक कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है जो उनकी कार चला सके। आवश्यक जानकारी देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**
(ख) 'फर्जी कॉल द्वारा आपके चाचाजी के बैंक खाते से बीस हजार रुपये निकाल लिए गए।' इस सूचना को आधार बनाकर किसी दैनिक हिंदी समाचार पत्र के लिए एक समाचार तैयार कीजिए। **3**

## खण्ड – ग
## (विज्ञान की भाषा - हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं दो के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) धमनी

(ii) अचर

(iii) परमाणु

23 (क) वैज्ञानिक दृष्टि कैसे प्राप्त होती है और इसके क्या लाभ हैं? **2**

(ख) भारतीय चिकित्सा पद्धति को 'आयुर्वेद' की संज्ञा से क्यों विभूषित किया जाता है? **2**

24 बढ़ती जनसंख्या ने किन–किन प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना शुरू कर दिया है? विस्तार से लिखिए। **4**

**अथवा**

बेहतर चिकित्सा सुविधा देश के लिए वरदान के साथ–साथ जनसंख्या वृद्धि का भी एक कारण है, कैसे?

25 (क) कंप्यूटर के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं के लिए भविष्य में क्या चुनौतियाँ हैं? **3**

(ख) विज्ञान की भाषा की विशेषताएँ लिखिए। **3**

इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न [खण्ड 'क' (**21**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं.** **65/ESS/4**

**SET/सेट** **B**

# HINDI
## हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं. **65/ESS/4, सेट–B** लिखें।

# HINDI

## हिन्दी

## (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

---

**निर्देश :** **(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।
**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

---

### खण्ड – क

**1** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'कठपुतली' कविता के आधार पर लिखिए कि स्वतंत्र चेतना का होना क्यों आवश्यक है?

(ख) रैदास के पठित पद के आधार पर लिखिए कि कवि ने किस कुल को उच्च और पवित्र माना है और क्यों?

(ग) 'भरत का भ्रातृ–प्रेम' कविता के आधार पर लिखिए कि भरत ने ऐसा क्यों कहा है कि विधाता से उनसे और राम के बीच का प्रेम सहन नहीं हुआ?

**2** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

माई री म्हाँ लियाँ गोविन्दाँ मोल॥
थे कह्याँ छाणे म्हाँ काँ चोड्डे, लियां बजन्ता ढोल।
थे कह्याँ मुंहाधो म्हाँ कह्याँ सस्तो, लिया री तराजाँ तोल।
तण वारा म्हाँ जीवण वीराँ, वाराँ अमोलक मोल।
मीराँ कूँ प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जणम को कोल॥

**अथवा**

मुझे कदम–कदम पर
चौराहे मिलते हैं
बाँहे फैलाए।
एक पैर रखता हूँ
कि सौ राहें फूटतीं
व मैं उन सब पर से गुजरना चाहता हूँ,
बहुत अच्छे लगते हैं
उनके तजुर्बे और अपने सपने...
सब सच्चे लगते हैं,
अज़ीब–सी अकुलाहट दिल में उभरती है,
मैं कुछ गहरे में उतरना चाहता हूँ;
जाने क्या मिल जाए!

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **2**

स्वर में पावक यदि नहीं, वृथा वन्दन है,
वीरता नहीं, तो सभी विनय क्रन्दन है,
सिर पर जिसके असिघात, रक्त चन्दन है,
भ्रामरी उसी का करती अभिनन्दन है।
दानवी रक्त से सभी पाप धुलते हैं,
ऊँची मनुष्यता के पथ भी खुलते हैं।

**3** 'वसंत' **अथवा** 'भरत का भ्रातृप्रेम' कविता का केंद्रीय भाव लगभग **30-40** शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **2**

**4** निम्नलिखित पंक्तियों में निहित छंद और अलंकार लिखिए : **2**

मकराकृत गोपाल कैं, कुँडल सोहत कान।
घँस्यो मनौ हिय–घर समर, ड्यौढ़ी लसत निसान

**5** सूफी काव्य की विशेषताएँ लिखिए। **2**

**6** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'एक था पेड़ और एक ठूँठ' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि 'कुल्हाड़ी' और 'कुदाल' का क्या कार्य होता है? इनका प्रयोग किनके लिए किया जाता है?

(ख) 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर चित्रा की चारित्रिक विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' पाठ के आधार पर मानव सभ्यता को आमूल–चूल बदलने वाले कारणों का उल्लेख कीजिए।

**7** 'सड़क का आदमी' कहानी में राघव सरकार के ज़ख्मी पैरों की तुलना किससे और क्यों की गई है? **2**

**8** (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

दुःख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ–हजूरी। जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छंदावर्त्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है। कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है। वह वशी है। वह वैरागी है।

**अथवा**

क्रोध के प्रेरक के दो प्रकार के दुःख हो सकते हैं अपना दुःख और पराया दुःख। जिस क्रोध के त्याग का उपदेश दिया जाता है वह पहले प्रकार के दुःख से उत्पन्न क्रोध है। दूसरे के दुःख से उत्पन्न क्रोध बुराई की हद से बाहर समझा जाता है। क्रोधोत्तेजक दुःख जितना ही अपने संपर्क से दूर होगा, उतना ही लोक में क्रोध का स्वरूप सुंदर और मनोहर दिखाई देगा।

(ख) मन्नू भंडारी **अथवा** मोहन राकेश की भाषा तथा शैलीगत विशेषताएँ पठित पाठ के आधार पर उदाहरण सहित लिखिए। **2**

**9** 'इसका पाप भी मेरे सिर आना है। किस घड़ी में दलीप नगर का राजमुकुट मेरे माथे पर रखा गया था।' देवी सिंह द्वारा ये वचन क्यों कहे गए? **1**

**10** विराटा के पतन के बाद कुंजर सिंह ने कुमुद से क्या कहा? **1**

**11** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दीजिए : **3+3=6**

(क) ''विराटा की पद्मिनी' उपन्यास उदात्त प्रेम की कथा है, जिसका अंत आत्मोत्सर्ग में होता है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) दाँगी कन्या कुमुद को विराटा की पद्मिनी किस आधार पर कहा गया है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

**12** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जो साथ फूलों के चले।
जो ढाल पाते ही ढले।
वह जिंदगी क्या जिंदगी जो सिर्फ पानी–सी बही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
संसार सारा आदमी की चाल देख हुआ चकित।
पर झाँककर देखो दृगों में, हैं सभी प्यासे थकित।
जब तक बँधी है चेतना।
जब तक हृदय दुख से घना।
तब तक न मानूँगा कभी इस राह को ही मैं सही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
अपने हृदय का सत्य अपने–आप हमको खोजना।
अपने नयन का नीर अपने–आप हमको पोंछना।
आकाश सुख देगा नहीं।
धरती पसीजी है कहीं?
जिससे हृदय को बल मिले ध्येय अपना तो वही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
सच है महज संघर्ष ही।

(i) कवि ने पानी सी बहने वाली जिंदगी को जिंदगी क्यों नहीं माना? **1**

(ii) 'अपने नयन का नीर अपने–आप हमको पोंछना' – पंक्ति का क्या भाव है? **1**

(iii) काव्यांश में प्रयुक्त 'धरती' और 'आकाश' किसके प्रतीकार्थ हैं? **1**

(iv) कवि ने इस काव्यांश में क्या संदेश दिया है? **1**

(v) कवि के जीवन का ध्येय क्या है? **1**

**13** निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6+5=11**

जिंदगी के असली मज़े उनके लिए नहीं हैं जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते हैं और सोते हैं, बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है तो वही उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं, जिनका कण्ठ सूखा हुआ, ओठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृतवाला तत्व है उसे वह जानता है जो धूप में खूब सूख चुका है। जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उसके मजे बाद में लेते हैं, उन्हें स्वाद अधिक मिलता है। जिन्हें आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मौत है। जो लोग पाँव भीगने के खौफ़ से पानी से बचते रहते हैं, समुद्र में डूब जाने का खतरा उन्हीं के लिए है। लहरों में जिन्हें तैरने का अभ्यास है वे मोती लेकर बाहर आएँगे।

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ़ होती है।

(i) जिंदगी के असली मज़े कौन लेता है?

(ii) पानी के अमृतवाले तत्व को कौन पहचानता है?

(iii) आराम मौत किनके लिए है और क्यों?

(iv) साहस की जिंदगी को सबसे बड़ी जिंदगी क्यों कहा गया है?

(v) समुद्र में डूबने का खतरा किनके लिए कहा गया है और क्यों?

(vi) समुद्र से मोती कौन बाहर ला सकता है?

(vii) विलोम शब्द लिखिए –

– तैरना

– निडर

(viii) विशेषण बनाइए –

स्वाद, खतरा

(ix) उपसर्ग / प्रत्यय अलग कीजिए –

बेखौफ़, आसानी

(x) निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य बनाइए –

लहरों में तैरने का जिन्हें अभ्यास है वे मोती लेकर बाहर आएँगे।

(xi) पर्यायवाची शब्द लिखिए :

फूल, अमृत

**14** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए : **1**

तब तब सब सुधि जाँहि का क्या अर्थ है

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए : **1**

(i) पैर जूते पर डालो।

(ii) तुम तुम्हारे दोस्तों से बात करो।

(ग) निम्नलिखित का शुद्ध रूप लिखिए : **1**

ग्रहणी, चिड़ियां

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को जोड़कर संयुक्त वाक्य बनाइए – **1**

मानव मननशील प्राणी है। मन उसके संकल्प–विकल्प की शक्ति है।

(ङ) निम्नलिखित को कर्तृवाच्य में बदलिए – **1**

विद्यार्थी से चित्र बनाया जाता है।

**15** प्रतिवेदन लेखन की सामग्री कैसे जुटाई जाती है? बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित 'खेल दिवस' पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

सूर्य से प्राप्त ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहा जाता है। सौर ऊर्जा पेड़–पौधों, जीव–जंतुओं, हम सभी के लिए अति आवश्यक होती है। पेड़–पौधे सूर्य के प्रकाश की वजह से ही अपना खाना बना पाते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग कर हम देश को प्रदूषण मुक्त रख सकते हैं क्योंकि इसमें हानिकारक गैसों, रसायनों और राख का उत्पादन नहीं होता। सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय ऊर्जा है क्योंकि यह तब तक समाप्त नहीं होगी जब तक सूर्य रहेगा। सौर ऊर्जा न केवल प्रदूषण मुक्त ऊर्जा है बल्कि इसकी रखरखाव लागत भी बहुत कम है। प्रदूषण से छुटकारा पाने के लिए, जो हाल के दिनों में एक वैश्विक समस्या है सौर ऊर्जा बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। अगर कोई घर ऑफिस की छत पर सोलर पैनल लगाए तो बिजली का वार्षिक शुल्क कम हो जाएगा। सोलर पैनल की मदद से बरसात के मौसम में भी बिना रुके बिजली की आपूर्ति की जा सकती है।

**16** निम्नलिखित में से किसी एक का भाव पल्लवन कीजिए : **3**

(i) बिना दुख के सुख निसार

(ii) का बरखा जब कृषि सुखानी

**17** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **300** शब्दों का निबंध लिखिए : **8**

- समाचार–पत्रों का कोई विकल्प नहीं
- जलवायु परिवर्तन
- प्रकृति है तो हम हैं
- संयुक्त परिवार : उन्नति का आधार

18 निम्नलिखित समाचार को आधार बनाकर बढ़ती हुई महँगाई पर चिन्ता व्यक्त करते हुए राम शर्मा, क.ख.ग. नगर की ओर से खाद्य आपूर्ति मंत्रालय प्रदेश सरकार को कार्यलयी पत्र लिखिए। 4

दूध की कीमतों में एक वृद्धि के लिए तैयार रहिए। देश भर में थोक दूध की कीमत लगातार बढ़ने के साथ डेयरी कंपनियाँ दाम में एक बार फिर वृद्धि कर सकती हैं। दूध खरीद कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण डेयरी कंपनियों ने पिछले दस महीनों में दूध की कीमतों में आठ से दस फीसदी तक की वृद्धि की है। मवेशियों के चारे की कीमतों में बढ़ोतरी, लेपी रोग और असामान्य मानसून इस बढ़ोतरी के पीछे के कारण बताए जा रहे हैं।

19 'जब हम क्रिकेट मैच में 6 रन से पिछड़ रहे थे।' इस विषय को आधार बनाकर अपने अनुभव को लगभग चालीस शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। 2

20 नेमी टिप्पण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। इन्हें किस प्रयोजन से लिखा जाता है? 3

**अथवा**

राज्य सरकार की ओर से एक परिपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए जिसमें आगामी सत्र से राज्य के महाविद्यालयों को 10% अतिरिक्त सीटों का प्रबंध करने का निर्देश दिया गया हो।

21 निम्नलिखित ज्ञान को वृक्ष–आलेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए : 4

हिंदी साहित्य का काल विभाजन तीन भागों में किया गया है – (i) आदिकाल (1000 ई.से 1350 ई. तक), (ii) मध्यकाल (1350 ई.से 1850 ई.तक) और (iii) आधुनिक काल (1850 ई.से अब तक)। मध्यकाल को पुनः दो उपभागों में विभाजित किया गया है – (i) पूर्व मध्यकाल (भक्तिकाल) और (ii) उत्तर मध्यकाल (रीतिकाल या श्रंगारकाल)। उत्तर मध्यकाल आगे तीन उपभागों में विभक्त होता है – (i) रीतिबद्ध, (ii) रीतिसिद्ध और (iii) रीतिमुक्त।

## खण्ड – 'ख'
## (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) तड़ित समाचार / फ्लैश
(ii) कवरेज
(iii) संक्षिप्त समाचार

23 (क) आपके पिताजी को एक कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है जो उनकी कार चला सके। आवश्यक जानकारी देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

(ख) 'फर्जी कॉल द्वारा आपके चाचाजी के बैंक खाते से बीस हजार रुपये निकाल लिए गए।' इस सूचना को आधार बनाकर किसी दैनिक हिंदी समाचार पत्र के लिए एक समाचार तैयार कीजिए। 3

24 (क) फीचर किसे कहते हैं? यह किस उद्देश्य से लिखा जाता है? 2
(ख) रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले समाचारों में क्या अंतर है? 2

25 'संचार माध्यमों ने लोगों के भीतर सामाजिक, राजनीतिक जागरूकता को तेज किया है।' कैसे? स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

इंटरनेट से आप क्या समझते हैं? इसकी कार्य–प्रणाली को विस्तार से लिखिए।

**अथवा**

समाचार किसे कहते हैं? समाचार संकलन में तकनीक का क्या योगदान है?

## खण्ड – 'ग'
## (विज्ञान की भाषा – हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) ईंधन
(ii) वयस्क (प्रौढ़)
(iii) प्रतिलिपि

23 (क) कंप्यूटर के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं के लिए भविष्य में क्या चुनौतियाँ हैं? 3
(ख) विज्ञान की भाषा की विशेषताएँ लिखिए। 3

24 (क) वैज्ञानिक दृष्टि कैसे प्राप्त होती है और इसके क्या लाभ हैं? 2
(ख) भारतीय चिकित्सा पद्धति को 'आयुर्वेद' की संज्ञा से क्यों विभूषित किया जाता है? 2

25 बढ़ती जनसंख्या ने किन–किन प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना शुरू कर दिया है? विस्तार से लिखिए। 4

**अथवा**

बेहतर चिकित्सा सुविधा देश के लिए वरदान के साथ–साथ जनसंख्या वृद्धि का भी एक कारण है, कैसे?

इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न [खण्ड 'क' (**21**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं.** **65/ESS/4**

**SET/सेट** **C**

# HINDI
## हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं. **65/ESS/4, सेट–C** लिखें।

# HINDI

## हिन्दी

## (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।
(ii) खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
(iii) खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
(iv) खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

### खण्ड – क

1 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'कठपुतली' कविता के आधार पर लिखिए कि किसी दूसरे के हाथों में हम अपनी डोर देकर क्यों खुश रहते हैं?

(ख) रैदास के दोहे के आधार पर लिखिए कि भगवान के भक्त को काम–क्रोध की माया क्यों नहीं सताती?

(ग) बिहारी ने दोहों में 'गागर में सागर भरना' उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

2 (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

माई री म्हाँ लियाँ गोविन्दाँ मोल॥
थे कह्याँ छाणे म्हाँ काँ चोड्डे, लियां बजन्ता ढोल।
थे कह्याँ मुंहाधो म्हाँ कह्याँ सस्तो, लिया री तराजाँ तोल।
तण वारा म्हाँ जीवण वीराँ, वाराँ अमोलक मोल।
मीराँ कूँ प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जणम को कोल॥

**अथवा**

मुझे कदम–कदम पर
चौराहे मिलते हैं
बाँहे फैलाए।
एक पैर रखता हूँ
कि सौ राहें फूटतीं
व मैं उन सब पर से गुजरना चाहता हूँ,
बहुत अच्छे लगते हैं

उनके तजुर्बे और अपने सपने...
सब सच्चे लगते हैं,
अजीब–सी अकुलाहट दिल में उभरती है,
मैं कुछ गहरे में उतरना चाहता हूँ;
जाने क्या मिल जाए!

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **2**

स्वर में पावक यदि नहीं, वृथा वन्दन है,
वीरता नहीं, तो सभी विनय क्रन्दन है,
सिर पर जिसके असिघात, रक्त चन्दन है,
भ्रामरी उसी का करती अभिनन्दन है।
दानवी रक्त से सभी पाप धुलते हैं,
ऊँची मनुष्यता के पथ भी खुलते हैं।

**3** 'वसंत' **अथवा** 'भरत का भ्रातृप्रेम' कविता का केंद्रीय भाव लगभग **30-40** शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **2**

**4** निम्नलिखित पंक्तियों में निहित अलंकार और छंद लिखिए : **2**

कैसी करौं, कहाँ जाऊँ, कासे कहूँ, कौन सुनैं,
कोऊ तो निकासो, जासै दरद बढ़ै नहीं।

**5** सूफी काव्य की विशेषताएँ लिखिए। **2**

**6** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'हम दृढ़ हों, जड़ नहीं' – 'एक था पेड़ और एक ठूँठ' निबंध से उद्धृत इस कथन की सार्थकता पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि पुरानी और नई पीढ़ी के बीच किस प्रकार के संबंधों की आवश्यकता है?

(ग) 'जिजीविषा की विजय' पाठ के आधार पर डॉ. रघुवंश को देखकर लेखक के दंग रह जाने का कारण स्पष्ट कीजिए।

**7** 'सड़क का आदमी' कहानी में राघव सरकार के ज़ख्मी पैरों की तुलना किससे और क्यों की गई है? **2**

**8** (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

दु:ख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ–हजूरी। जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छंदावर्त्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है। कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है। वह वशी है। वह वैरागी है।

**अथवा**

क्रोध के प्रेरक के दो प्रकार के दुःख हो सकते हैं अपना दुःख और पराया दुःख। जिस क्रोध के त्याग का उपदेश दिया जाता है वह पहले प्रकार के दुःख से उत्पन्न क्रोध है। दूसरे के दुःख से उत्पन्न क्रोध बुराई की हद से बाहर समझा जाता है। क्रोधोत्तेजक दुःख जितना ही अपने संपर्क से दूर होगा, उतना ही लोक में क्रोध का स्वरूप सुंदर और मनोहर दिखाई देगा।

(ख) मन्नू भंडारी **अथवा** मोहन राकेश की भाषा तथा शैलीगत विशेषताएँ पठित पाठ के आधार पर उदाहरण सहित लिखिए। **2**

**9** 'उड़ गए फुलवा, रह गई बास' पंक्ति का आशय विराटा की पद्मिनी उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **1**

**10** लोचनसिंह को जागीर का लोभ नहीं था, उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **1**

**11** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दीजिए : **3+3=6**

(क) ''विराटा की पद्मिनी' उपन्यास उदात्त प्रेम की कथा है, जिसका अंत आत्मोत्सर्ग में होता है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) दाँगी कन्या कुमुद को विराटा की पद्मिनी किस आधार पर कहा गया है ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

**12** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जो साथ फूलों के चले।
जो ढाल पाते ही ढले।
वह जिंदगी क्या जिंदगी जो सिर्फ पानी–सी बही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
संसार सारा आदमी की चाल देख हुआ चकित।
पर झाँककर देखो दृगों में, हैं सभी प्यासे थकित।
जब तक बँधी है चेतना।
जब तक हृदय दुख से घना।
तब तक न मानूँगा कभी इस राह को ही मैं सही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
अपने हृदय का सत्य अपने–आप हमको खोजना।
अपने नयन का नीर अपने–आप हमको पोंछना।
आकाश सुख देगा नहीं।
धरती पसीजी है कहीं ?
जिससे हृदय को बल मिले ध्येय अपना तो वही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
सच है महज संघर्ष ही।

(i) कवि ने पानी सी बहने वाली जिंदगी को जिंदगी क्यों नहीं माना ? **1**

(ii) 'अपने नयन का नीर अपने–आप हमको पोंछना' – पंक्ति का क्या भाव है ? **1**

(iii) काव्यांश में प्रयुक्त 'धरती' और 'आकाश' किसके प्रतीकार्थ हैं ? **1**

(iv) कवि ने इस काव्यांश में क्या संदेश दिया है ? **1**

(v) कवि के जीवन का ध्येय क्या है ? **1**

**13** निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6+5=11**

जिंदगी के असली मज़े उनके लिए नहीं हैं जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते हैं और सोते हैं, बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है तो वही उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं, जिनका कण्ठ सूखा हुआ, ओठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृतवाला तत्व है उसे वह जानता है जो धूप में खूब सूख चुका है। जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उसके मजे बाद में लेते हैं, उन्हें स्वाद अधिक मिलता है। जिन्हें आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मौत है। जो लोग पाँव भीगने के खौफ़ से पानी से बचते रहते हैं, समुद्र में डूब जाने का खतरा उन्हीं के लिए है। लहरों में जिन्हें तैरने का अभ्यास है वे मोती लेकर बाहर आएँगे।

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ़ होती है।

(i) जिंदगी के असली मज़े कौन लेता है?

(ii) पानी के अमृतवाले तत्व को कौन पहचानता है?

(iii) आराम मौत किनके लिए है और क्यों?

(iv) साहस की जिंदगी को सबसे बड़ी जिंदगी क्यों कहा गया है?

(v) समुद्र में डूबने का खतरा किनके लिए कहा गया है और क्यों?

(vi) समुद्र से मोती कौन बाहर ला सकता है?

(vii) विलोम शब्द लिखिए –

- तैरना
- निडर

(viii) विशेषण बनाइए –

स्वाद, खतरा

(ix) उपसर्ग / प्रत्यय अलग कीजिए –

बेखौफ़, आसानी

(x) निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य बनाइए –

लहरों में तैरने का जिन्हें अभ्यास है वे मोती लेकर बाहर आएँगे।

(xi) पर्यायवाची शब्द लिखिए :

फूल, अमृत

**14** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए : **1**

सखि नंदलाल गुलाल उड़ाते हुए आए

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए : **1**

(i) हम यहाँ सकुशलतापूर्वक हैं।

(ii) कई जगहों में अशुद्धियाँ पड़ी हैं।

(ग) निम्नलिखित वाक्य को संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए : **1**
कारीगर काम समाप्त करके चले गए।

(घ) निम्नलिखित का शुद्ध रूप लिखिए : **1**
परीक्षाएं, कार्यक्रम

(ङ) निम्नलिखित को कर्तृवाच्य में बदलिए : **1**
रामचरित मानस तुलसीदास द्वारा लिखी गई।

**15** प्रतिवेदन लेखन की सामग्री कैसे जुटाई जाती है? बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित 'खेल दिवस' पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

सूर्य से प्राप्त ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहा जाता है। सौर ऊर्जा पेड़–पौधों, जीव–जंतुओं, हम सभी के लिए अति आवश्यक होती है। पेड़–पौधे सूर्य के प्रकाश की वजह से ही अपना खाना बना पाते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग कर हम देश को प्रदूषण मुक्त रख सकते हैं क्योंकि इसमें हानिकारक गैसों, रसायनों और राख का उत्पादन नहीं होता। सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय ऊर्जा है क्योंकि यह तब तक समाप्त नहीं होगी जब तक सूर्य रहेगा। सौर ऊर्जा न केवल प्रदूषण मुक्त ऊर्जा है बल्कि इसकी रखरखाव लागत भी बहुत कम है। प्रदूषण से छुटकारा पाने के लिए, जो हाल के दिनों में एक वैश्विक समस्या है सौर ऊर्जा बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। अगर कोई घर ऑफिस की छत पर सोलर पैनल लगाए तो बिजली का वार्षिक शुल्क कम हो जाएगा। सोलर पैनल की मदद से बरसात के मौसम में भी बिना रुके बिजली की आपूर्ति की जा सकती है।

**16** निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव पल्लवन कीजिए : **3**

(i) सब दिन होत न एक समान

(ii) बाँटन वारे को लगें ज्यों मेंहदी का रंग

**17** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **300** शब्दों का निबंध लिखिए : **8**

- समाचार–पत्रों का कोई विकल्प नहीं
- जलवायु परिवर्तन
- प्रकृति है तो हम हैं
- संयुक्त परिवार : उन्नति का आधार

**18** निम्नलिखित समाचार को आधार बनाकर बढ़ती हुई महँगाई पर चिन्ता व्यक्त करते हुए राम शर्मा, क.ख.ग. नगर की ओर से खाद्य आपूर्ति मंत्रालय प्रदेश सरकार को कार्यलयी पत्र लिखिए। **4**

दूध की कीमतों में एक वृद्धि के लिए तैयार रहिए। देश भर में थोक दूध की कीमत लगातार बढ़ने के साथ डेयरी कंपनियाँ दाम में एक बार फिर वृद्धि कर सकती हैं। दूध खरीद कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण डेयरी कंपनियों ने पिछले दस महीनों में दूध की कीमतों में आठ से दस फीसदी तक की वृद्धि की है। मवेशियों के चारे की कीमतों में बढ़ोतरी, लेपी रोग और असामान्य मानसून इस बढ़ोतरी के पीछे के कारण बताए जा रहे हैं।

**19** 'जब हम क्रिकेट मैच में 6 रन से पिछड़ रहे थे।' इस विषय को आधार बनाकर अपने अनुभव को लगभग चालीस शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। **2**

**20** नेमी टिप्पण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। इन्हें किस प्रयोजन से लिखा जाता है? **3**

**अथवा**

राज्य सरकार की ओर से एक परिपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए जिसमें आगामी सत्र से राज्य के महाविद्यालयों को 10% अतिरिक्त सीटों का प्रबंध करने का निर्देश दिया गया हो।

**21** निम्नलिखित ज्ञान को वृक्ष–आलेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए : **4**

हिंदी साहित्य के आदिकाल में तीन प्रकार की साहित्य रचना – (i) धार्मिक प्रचार–प्रसार साहित्य, (ii) वीर काव्य और (iii) अन्य (मुक्तक काव्य) । धार्मिक प्रचार–प्रसार के साहित्य को तीन उपभागों में विभाजित किया जा सकता है – (i) सिद्ध साहित्य, (ii) नाथ साहित्य और (iii) जैन साहित्य। वीर काव्य को रासो साहित्य के नाम से जाना जाता है। अन्य काव्य में अमीर खुसरो और विद्यापति के काव्य आते हैं।

## खण्ड – 'ख'

## (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

**22** निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) विज्ञापन आय

(ii) स्वच्छ प्रति (फाइनल प्रूफ)

(iii) शेषांश

**23** (क) आपके पिताजी को एक कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है जो उनकी कार चला सके। आवश्यक जानकारी देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

(ख) 'फर्जी कॉल द्वारा आपके चाचाजी के बैंक खाते से बीस हजार रुपये निकाल लिए गए।' इस सूचना को आधार बनाकर किसी दैनिक हिंदी समाचार पत्र के लिए एक समाचार तैयार कीजिए। **3**

24 (क) फीचर किसे कहते हैं? यह किस उद्देश्य से लिखा जाता है? 2

(ख) रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले समाचारों में क्या अंतर है? 2

25 'संचार माध्यमों ने लोगों के भीतर सामाजिक, राजनीतिक जागरूकता को तेज किया है।' कैसे? स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

इंटरनेट से आप क्या समझते हैं? इसकी कार्य–प्रणाली को विस्तार से लिखिए।

**अथवा**

समाचार किसे कहते हैं? समाचार संकलन में तकनीक का क्या योगदान है?

## खण्ड – 'ग'

## (विज्ञान की भाषा – हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) हीलयम

(ii) रुधिराणु

(iii) डाटा प्रोसेसिंग

23 (क) कंप्यूटर के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं के लिए भविष्य में क्या चुनौतियाँ हैं? 3

(ख) विज्ञान की भाषा की विशेषताएँ लिखिए। 3

24 (क) वैज्ञानिक दृष्टि कैसे प्राप्त होती है और इसके क्या लाभ हैं? 2

(ख) भारतीय चिकित्सा पद्धति को 'आयुर्वेद' की संज्ञा से क्यों विभूषित किया जाता है? 2

25 बढ़ती जनसंख्या ने किन–किन प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना शुरू कर दिया है? विस्तार से लिखिए। 4

**अथवा**

बेहतर चिकित्सा सुविधा देश के लिए वरदान के साथ–साथ जनसंख्या वृद्धि का भी एक कारण है, कैसे?

---